# कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग

**निर्माण भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)**
**Ph.No. 0771-2512713, Fax No. 2512729 E-mail - einc.pwd.cg@gov.in, eincpwd-budget@cg.gov.in**

ज्ञाप क्र. 25264 035/प्र.अ./बजट/2026–27 नवा रायपुर, दिनांक : 26.09.2026

**प्रति,**

1 **समस्त मुख्य अभियंता**
लोक निर्माण विभाग
परिक्षेत्र, छत्तीसगढ़

2. **समस्त अधीक्षण अभियंता**
लोक निर्माण विभाग
मण्डल, छत्तीसगढ़

3 **समस्त कार्यपालन अभियंता**
लोक निर्माण विभाग
संभाग, छत्तीसगढ़

4 **समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं उपअभियंता**
लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़

**विषयः– अर्नब चक्रवाती तूफान से क्षतिंग्रस्त सड़क एवं पुल–पुलियों का मरम्मत/पुर्ननिर्माण करने बाबत्।**

––00––

अवगत हो कि अर्नब चक्रवाती तूफान के कारण छत्तीसगढ़ अंचल में दिनांक 24.09.2026 से 26.09.2026 तक लगातार हुई वर्षा के कारण लगभग सभी नदी–नालों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है एवं कई जगहों पर पुल–पुलियों के ऊपर भी पानी बह रहा है। बाढ़ का पानी नीचे उतरते ही संभावना है कि कई मार्ग/पुल का छतिग्रस्त होना पाया जायेगा, इसे त्वरित सुधार किये जाने की आवश्यकता होगी, इसके लिए निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें :–

1. जो सड़क/पुल–पुलिया क्षतिग्रस्त हुआ है, उसका फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी करा लिया जावे।
2. तत्काल क्षति का आंकलन कर संभावित राशि का टेलीग्राम Accountant General को करते हुए सभी कार्यालय को प्रतिलिपि उपलब्ध करावें।
3. क्षतिग्रस्त भाग का सुधार यथाशीघ्र जो भी संभाग में एजेंसी (ठेका) है, उससे शीघ्र मरम्मत करा लिया जावे, ताकि यातायात शीघ्र प्रारंभ किया जा सके।
4. क्षतिग्रस्त भाग का पुर्ननिर्माण/विशेष मरम्मत के लिए प्राक्कलन यथाशीघ्र सक्षम प्राधिकारी के समक्ष 10 दिवस में प्रस्तुत करे। (S/R के लिए विभाग मे पर्याप्त राशि उपलब्ध है।)

   प्रत्येक समक्ष अधिकारी 15 दिवस में S/R (F.D.R.) की स्वीकृति प्राथमिकता में जारी करेंगे एवं आबंटन की उपलब्धता हेतु प्रमुख अभियंता कार्यालय को **परिक्षेत्रवार** एकजाई जानकारी प्रेषित करेंगे।
5. प्रत्येक संभाग आवश्यकतानुसार S/R मद में यदि जोनल एजेंसी निर्धारित किये जाने की आवश्यकता हो तो दिनांक 27.09.2026 तक कार्यालय प्रमुख अभियंता में वर्ककोड जनरेट करते हुए श्री रामनाथ साहू के मोबाईल नं. 7000481091 में WhatsApp पर पत्र प्रेषित करें।
6. F.D.R. के कारण हुई क्षति का सुधार स्थायी किया जावें इसके लिए आवश्यकतानुसार Toe Wall/Concrete Road निर्माण की आवश्यकता है, तो उसे भी प्रस्तावित किया जावे।
7. पुलों के Wearing Concrete/railing आदि का भी मरम्मत शीघ्रता से उपरोक्तानुसार किया जावें।

**सहपत्रः– शून्य।**

26.9.26

**प्रमुख अभियंता**
लोक निर्माण विभाग
नवा रायपुर अटल नगर

AD Budget Memo **408**|

पृष्ठ. क्र. 25264 /प्र.अ./बजट/2026–27 नवा रायपुर, दिनांक : .09.2026

**प्रतिलिपि,**

1. **विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी,** छ.ग. शासन, लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. **सचिव,** छ.ग. शासन, लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

**सहपत्रः– शून्य।**

**प्रमुख अभियंता**
लोक निर्माण विभाग
नवा रायपुर अटल नगर